# कार्यालय प्राचार्य,
# शासकीय नवीन महाविद्यालय,नांदघाट
# जिला–बेमेतरा (छ.ग)

**College Code-208** **Email-govtcollegenandghat@gmail.com**

क्रमांक / 76 / स्था / अतिथि व्या.विज्ञापन / 2025 नांदघाट,दिनांक : 15 / 10 / 2025

**परिशिष्ट–2**

## अतिथि व्याख्याता पद हेतु विस्तृत विज्ञापन

कार्यालय आयुक्त,उच्च शिक्षा विभाग का आदेश कमांक / 574 / 126 / आउशि / राज.स्था / 2024 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 06.07.2024 एवं छ.ग.शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र क एफ–3–54 / 2020 / 38–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 20 / 06 / 2024 एवं आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर के पत्र कमांक / 289 / 01 / आउशि / राज.स्था / 2025 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 23 / 07 / 2025 के अनुपालन में **शासकीय नवीन महाविद्यालय,नांदघाट जिला–बेमेतरा** में रिक्त सहायक प्राध्यापक पद के विरुद्व **सत्र 2025–26** के लिए राजनीति शास्त्र विषय में अध्यापन हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हतधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक **24 / 10 / 2025 सायं 05:00** बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

01– अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरुप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम **55 प्रतिशत** अंक होने चाहिए परंतु अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम **50 प्रतिशत** अंक होने चाहिए।

02– आयु सीमा–अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम **65 वर्ष** तक।

03– छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**विषय एवं पदों का विवरण**

| कमांक | विषय | रिक्त पद संख्या |
|---|---|---|
| 01 | राजनीति शास्त्र | 01 |

**टीप :–** संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति एवं नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरुप पद भर जाने पर उक्त पद के विरुद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

**नियम एवं शर्ते :–**

01. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण–पत्र,10वीं,12वीं,स्नातक,स्नातकोत्तर,सेट,नेट,एम.फिल,पी.एच.डी.अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करें।

02. दिनांक 24 / 10 / 2025 को संध्या 05:30 बजे तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है,प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में ऑफलाईन अथवा डाक के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किये जा रहे है। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की प्रकिया में ऑनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।

Namta

(डॉ.नम्रता पाण्डेय)
प्रभारी प्राचार्य
प्राचार्य
शासकीय नवीन महाविद्यालय नांदघाट
जिला–बेमेतरा (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 77 / स्था / अतिथि व्या.विज्ञापन / 2025 नांदघाट,दिनांक : 15 / 10 / 2025

प्रतिलिपि :–

01. आयुक्त,उच्च शिक्षा संचालनालय ब्लॉक 3 द्वितीय एवं तृतीय तल,इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर को सूचनार्थ।
02. क्षेत्रीय अपर संचालक,उच्च शिक्षा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय परिसर दुर्ग को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य शासकीय ........................महाविद्यालय को इस सूचना को सूचना पटल पर स्थान देने के अनुरोध सहित प्रेषित।
04. दैनिक समाचार पत्र ................................................ को इस अनुरोध के साथ कि आप उक्त सूचना को अपने समाचार–पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
05. महाविद्यालय की सूचना पटल हेतु।

Namta

(डॉ.नम्रता पाण्डेय)
प्रभारी प्राचार्य
प्राचार्य
शासकीय नवीन महाविद्यालय नांदघाट
जिला–बेमेतरा (छ.ग.)